तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 9.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 11 दिसंबर 2025



12 संकुल केंद्र सोनाबाल में तुमा हस्तशिल्प कार्यशाला





13 देवी-देवताओं की पूजा कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की






# गोंडियापाल में मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा का शुभारंभ, अंदरूनी क्षेत्र सीधे जगदलपुर से जुड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अंदरूनी क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए ग्राम पंचायत गोंडियापाल में बुधवार को मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा योजना का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस बस सेवा के शुरू होने से गोंडियापाल सहित आसपास के कई गांवों के निवासियों का वर्षों पुराना सपना साकार हो गया है। यह बस सेवा नियमित रूप से संभाग मुख्यालय जगदलपुर से गोंडियापाल तक संचालित होगी, जिससे ग्रामीणों के लिए आवागमन अब सुगम हो जाएगा। यह महत्वपूर्ण बस रूट चेराकुर, कुंगारपाल, बाकेल, फरसागुडा, भानपुरी, और ब्लॉक मुख्यालय बस्तर से होते हुए सीधे जगदलपुर तक पहुँचेगा। इस कनेक्टिविटी से अंदरूनी क्षेत्र के ग्रामीण सीधे तौर पर इस बस सेवा से जुड़ सकेंगे, जिससे उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य और प्रशासनिक कार्यों के लिए लंबी दूरी तय करने में अब परेशानी नहीं होगी। परिवहन की इस सुविधा से ग्रामीणों में खुशी और उत्साह का माहौल है, जो इसे विकास की एक बड़ी सौगात मान रहे हैं। वहीं इस बस सेवा के प्रारंभ होने के बाद अब क्षेत्र के ग्रामीणों को ब्लॉक मुख्यालय या संभाग मुख्यालय तक आवागमन के लिए महंगे निजी परिवहन के साधनों पर निर्भर भी नहीं रहना पड़ेगा।

## अब ग्रामीणों का आवागमन हो जाएगा सुविधाजनक




### ये रहे उपस्थित

बस सेवा के शुभारम्भ के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप और जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल सहित कई अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बीजापुर में आयुष स्वास्थ्य शिविर में 35 की हुई जांच

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ शासन की स्वास्थ्य संवर्धन पहल के तहत न्यू बस स्टैंड परिसर में विकासखण्ड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का संचालन जिला आयुष अधिकारी के निर्देशन में किया गया। प्रभारी डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह परिहार के नेतृत्व में डॉ. अरविंद आचार्य, डॉ. श्रीकांत रथ, डॉ. हरीश केसरवानी, डॉ. विकास जयसवाल सहित आयुष विभाग की संपूर्ण टीम उपस्थित रही तथा मरीजों को उपचार एवं परामर्श प्रदान किया। शिविर में कुल 35 हितग्राहियों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें निःशुल्क आयुष औषधियाँ वितरित की गईं। चिकित्सकों ने मरीजों को पथ्य, अपथ्य, योग, दिनचर्या एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति संबंधी विस्तृत जानकारी दी जिससे उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में सहायता मिलेगी। शिविर में वात रोग एवं चर्म रोग से पीड़ति मरीजों की संख्या अधिक रही, जिनका आवश्यक उपचार किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि जिला राम राना, पार्षद बसंती लिंगम एवं मुन्नालाल ताती सहित जनप्रतिनिधि गण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### आत्मसमर्पित नक्सलियों को 27 लाख प्रोत्साहन राशि मिली

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ नक्सलवाद पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु जिले के कुल 9 आत्मसमर्पित नक्सलियों को 18 लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि आहरण एवं संवितरण की स्वीकृति दी गई है। इसी तरह आत्मसमर्पित कर प्रशिक्षण ले रहे नक्सलियों को प्रतिमाह के मान से 10 हजार रुपए प्रति व्यक्ति दिया गया। कुल 92 प्रशिक्षणार्थियों को 9 लाख 20 हजार रुपए की की प्रोत्साहन राशि आहरण एवं संवितरण की स्वीकृति दी गई है।

### लाल चर्च में इंटर डिनॉमिनेशन क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू



**जगदलपुर।** चन्दैया मेमोरियल मेथोडिस्ट एपिस्कोपल लाल चर्च की सोशल कमेटी के तत्वावधान में इंटर डिनॉमिनेशन क्रिकेट प्रतियोगिता का आरंभ हुआ। चर्च सोशल समिति के अध्यक्ष मनीष सीरिल एवं उनके सदस्य और उनकी पूरी टीम क्रिकेट प्रतियोगिता को संपनं करने के लिए कई दिनों से मेहनत कर रहे हैं। लाल चर्च के विशप एस सुना की प्रार्थना के द्वारा प्रारंभ हुआ मुख्य अतिथि के रूप में बिशप एस सुना पास्टर लॉरेंस दास एवं लाल चर्च अध्यक्ष प्रवीण लाल मौजूद विशिष्ट अतिथि के रूप में भूतपूर्व लाल चर्च अध्यक्ष निखिल राज दास रत्नेश बेंजामिन एवं सूर्या पानी थे। आज का मैच स्पार्टन क्रिकेट क्लब एवं फिलाडेल्फिया यूथ क्लब के मध्य आरंभ हुआ। मैच फिलाडेल्फिया यूथ क्लब ने मैच जीता। मैच के अंपायर जॉनसन और ओमी थे। कॉमेंटेटर अनिल सेंट जॉन और दिलीप अमोलिक थे। लाल चर्च के सचिव राजनिद्र डेनियल भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

### नानगुर में किसानों का धरना कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन



**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य व पूर्व विधायक रेखचंद जैन के नेतृत्व में आज नानगुर ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार धान खरीदी केंद्रों में बढ़ती हुई समस्याओं के निराकरण को लेकर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ⏭ शेष पेज 12 पर

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे शुभारंभ

**3500** खिलाड़ी संभागीय मुकाबलों में भिड़ेंगे

# 3.91 लाख खिलाड़ियों की ऊर्जा का संगम बनेगा बस्तर ओलंपिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

इंदिरा स्टेडियम में गुरुवार सुबह 11 बजे बस्तर ओलंपिक 2025 का भव्य आगाज़ होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उद्घाटन करेंगे, जबकि संभाग के सातों जिलों और विशेष "नुआ बाट" टीम सहित 8 टीमें इतिहास रचने उतरेंगी। तीन दिनों तक चलने वाले इस महाआयोजन में 3500 खिलाड़ी 11 विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। 276 विजेताओं के अलावा ओवरऑल चैंपियनशिप और प्रत्येक जिले के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को भी सम्मानित किया जाएगा। उद्धघाटन समारोह में देश की ओलंपिक बॉक्सर विजेता मेरीकॉम पहुंचेंगी।

बस्तर संभागायुक्त डोमन सिंह ने पत्रवार्ता में बताया कि पिछले वर्ष 1.65 लाख पंजीयन थे, जो इस बार दोगुने से भी अधिक बढ़कर 3 लाख 91 हजार पर पहुंच गए हैं। बस्तर की नई खेल चेतना का मजबूत संकेत। कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम, सिटी ग्राउंड,क्रीड़ा परिसर धरमपुरा और पंडरीपानी हॉकी मैदान पर मुकाबले होंगे। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से आने वाले प्रतिभागियों और आत्मसमर्पित कैडर्स को भी एक विशेष टीम के रूप में शामिल किया गया है,जो इस आयोजन को सामाजिक एकता की नई मिसाल बनाता है। बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह में देश के गृहमंत्री अमित शाह सम्मलित होंगे। 13 दिसम्बर को समापन होगा। बस्तर पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा उपस्थित थे।




### नुआ बाट टीम और दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए विशेष आयोजन

बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि नुआ बाट टीम में 761 खिलाड़ी शामिल हैं। नक्सली घटनाओं में दिव्यांग हो चुके खिलाड़ियों के लिए अलग से व्हीलचेयर रेस भी कराई जाएगी, जिससे खेल आयोजन केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना और पुनर्वास का आयाम भी बन रहा है। बस्तर ओलंपिक का समापन शनिवार को होगा,जिसमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह विजेताओं को पुरस्कृत करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे,जबकि विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे।

### बस्तर ओलंपिक जनजातीय खेलों से अंतरराष्ट्रीय संभावनाओं तक

*बस्तर ओलंपिक की अवधारणा केवल प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं है। यह जनजातीय खेल,ग्रामीण प्रतिभा,स्थानीय संस्कृति और सामाजिक एकजुटता को राष्ट्रीय मंच पर प्रतिष्ठित करने का प्रयास है। आयोजकों का लक्ष्य है कि तीरंदाजी,हॉकी, एथलेटिक्स और परंपरागत खेलों में उभरने वाली प्रतिभाओं को राष्ट्रीय शिविरों तक पहुँचाया जाए। नक्सल प्रभावित इलाकों के युवाओं का मुख्यधारा से जुड़ना,दिव्यांग प्रतिभागियों को समान अवसर मिलना और विशाल पंजीयन संख्या बस्तर की उस 'खेल क्रांति' की ओर संकेत करती है, जो आने वाले वर्षों में दक्षिण भारत के सबसे बड़े ग्रामीण खेल मॉडल के रूप में उभर सकती है।*

## 6 साल तक कंट्रोल रूम में था विद्युत वितरण केंद्र का दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर संभाग अंतर्गत सुकमा जिले का तोंगपाल का विद्युत वितरण केंद्र का दफ्तर 6 साल तक कंट्रोल रूम में था, लेकिन अब नया भवन बन जाने से अधिकारी और कर्मचारियों को राहत मिली है, जिससे उन्हें बेहतर और व्यवस्थित कार्यस्थल मिल गया है। यह नई बिल्डिंग, पुराने अस्थायी स्थान की तुलना में कामकाज को सुचारू और कुशल बनाएगी, जिससे बिजली वितरण से जुड़ी सेवाएं बेहतर होंगी और कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ेगी। छिंदगढ़ उप संभाग के सहायक अभियंता सुनील ध्रुव ने बताया कि तोंगपाल का विद्युत वितरण केंद्र कार्यालय भवन नहीं होने से कंट्रोल रूम में चल रहा था, जिससे अधिकारी एवं कर्मचारियों को भारी परेशानियों का सामना करना था। तोंगपाल क्षेत्र में लगभग 6500 उपभोक्ता शामिल है। विद्युत कंपनी सिविल के कार्यपालन अभियंता नंद कुमार मांझी ने बताया कि तोंगपाल के कनिष्ठ अभियंता एवं 10 कर्मचारियों के लिए लगभग 17 लाख रूपए की लागत से विद्युत वितरण केंद्र कार्यालय भवन का निर्माण किया गया, जिससे अधिकारी और कर्मचारियों का राहत मिली। इसके अलावा का इस भवन में कार्यालय शुरू किया, जिसमें कंपनी के ईडी टीके मेश्राम, अधीक्षण अभियंता केव्ही मैथ्यू सहित अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे।



### भवन से प्रबंधन होगा बेहतर

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम ने बताया कि साथ ही बिजली कंपनी के इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार हुआ है। जिससे स्थानीय स्तर पर बिजली प्रबंधन बेहतर होगा।

## तीन करोड़ से अधिक में बनाया गया सर्वमांगलिक भवन 5 साल में खंडहर





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- उद्घाटन तक नहीं, अब मेंटेनेंस पर फिर 30 लाख खर्च की तैयारी

शहर के जवाहर वार्ड में सर्व-मांगलिक भवन है, जिसे पांच वर्ष पूर्व लगभग तीन करोड़ रुपये की लागत से तैयार कराया गया था। मध्यम वर्गीय परिवारों के उपयोग के लिए बने इस भवन का आज तक उद्घाटन नहीं हो सका। निगम की अनदेखी का आलम यह है कि बिना उपयोग के ही भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। दरवाज़े-खिड़कियां चोरी हो गईं, मुख्य गेट का कांच टूट चुका है, सीलिंग धंस रही है और परिसर की खाली ज़मीन पर अतिक्रमण की कोशिशें तेज़ हैं। स्थानीय नागरिकों के अनुसार शासन की राशि से बने इस भवन को निगम ने शुरू से ही अपने हाल पर छोड़ दिया, जिसके ⏭ शेष पेज 12 पर

### निर्माण की खामियों पर जांच लंबित

पूर्व पार्षद धनसिंह ने 2021 में ही भवन निर्माण में गुणवत्ता-हीन सामग्री उपयोग और प्रारंभिक दरारों को लेकर जांच की मांग की थी। उन्होंने कलेक्टर और निगम आयुक्त तक शिकायत पहुंचाई,लेकिन जांच आज तक शुरू नहीं हो सकी। निर्माण के दौरान ही आई दरारों ने भ्रष्टाचार की ओर स्पष्ट संकेत दिए थे। जांच की जिम्मेदारी सब-इंजीनियरों पर थी, पर अधिकारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। परिणामस्वरूप लाखों रुपये बिना उपयोग के ही जर्जर ढांचे पर खर्च हो गए और दोषियों पर किसी भी स्तर पर कार्रवाई नहीं हुई।







## दिव्यांग बच्चों की चिरायु भैरमगढ़ की पहल से जीवन में लौटी मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी भैरमगढ़ डॉ. रमेश तिग्गा तथा बीपीएम भैरमगढ़ के मार्गदर्शन में चिरायु टीम भैरमगढ़ ने दिव्यांग बच्चों के पुनर्वास की दिशा में सराहनीय कदम बढ़ाते हुए दो बच्चों को निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रदान किए। लाभार्थियों को प्रत्यारोपण हेतु रामनाथ भीमसेन भवन, समता कॉलोनी, रायपुर ले जाया गया। जहाँ विशेषज्ञ टीम द्वारा परीक्षण के बाद उन्हें आवश्यक कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए गए। लाभान्वित बच्चों में हेमंत कुमार कुहरामी 12 वर्ष, पिता सुमन सिंह कुहरामी निवासी कोतरापाल, मटवाड़ा, विकलांगता दाएं हाथ की विकलांगता लाभ कृत्रिम हाथ ⏭ शेष पेज 12 पर

## छात्राओं ने समझा ग्राहक व्यवहार और व्यापार वृद्धि का गुणा गणित



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

आज के डिजिटल युग में व्यावसायिक निर्णयों में डेटा के बढ़ते महत्व को रेखांकित करने के लिए, सेजस शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 02 में 10 दिसंबर को रिटेल ट्रेड के छात्रों हेतु एक विशेष अतिथि व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत आयोजित किया गया था, जिसका मुख्य विषय मार्केटिंग में बिजनेस डेटा का महत्व था।

इस गेस्ट लेक्चर का प्राथमिक उद्देश्य छात्राओं को यह समझाना था कि वर्तमान समय में बिजनेस के हर छोटे-बड़े निर्णय डेटा पर आधारित होते हैं। यह डेटा किस प्रकार बिजनेस स्ट्रैटजी, मार्केटिंग प्रयासों, ग्राहक व्यवहार की समझ और भविष्य की ग्रोथ प्लानिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता के रूप में मार्केटिंग डेटा एनालिस्ट सौरभ भट्टाचार्य को आमंत्रित किया गया था। भट्टाचार्य ⏭ शेष पेज 12 पर

### भविष्य के लिए तैयारी

*यह प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्राचार्य श्रीमती सुधा परमार और व्यावसायिक प्रशिक्षक श्वेता चंद्राकर के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसने छात्राओं को रिटेल उद्योग के डेटा-संचालित भविष्य के लिए तैयार करने की दिशा में एक सशक्त कदम बढ़ाया।*

## किसानों के हित में कड़ी कार्रवाई करने की बातें कही

अधिकारियों को समय पर भुगतान करने कहा

# बस्तर के धान खरीदी केंद्र में अव्यवस्था मिलने पर विधायक बघेल ने लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा

बस्तर ब्लॉक के ग्राम पंचायत चोकर के धान खरीदी केंद्र में इस वर्ष कुल 660 किसानों का पंजीयन किया गया है। इनमें से अब तक केवल 94 किसानों द्वारा 5506.40 क्विंटल धान की खरीदी हो सकी है। शेष किसान खरीदी प्रक्रिया में हो रही देरी और अव्यवस्थाओं से परेशान हैं। ऑनलाइन टोकन सिस्टम में भी बड़ी समस्या सामने आई है करीब 70 प्रतिशत किसान स्वयं मोबाइल से टोकन निकाल रहे हैं, जबकि शेष किसान केंद्र पहुंचकर टोकन कटाने में असमर्थ हैं। प्रतिदिन निर्धारित 1100 क्विंटल टोकन जारी न होने से किसानों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। केंद्र प्रभारी ने बताया कि टोकन लिमिट बढ़ाने पत्राचार किया गया है। इसी बीच विधायक लखेश्वर बघेल हाल ही में ग्राम पंचायत महुपालबरई में आयोजित जगार कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां ग्रामीणों ने धान खरीदी केंद्र में व्याप्त समस्याओं और लेबर भुगतान में देरी की शिकायतें उनके समक्ष रखीं। शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए विधायक अपने कार्यकर्ताओं के साथ सीधे लेम्पस पहुंचे और किसानों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि मेहनताना का समय पर भुगतान नहीं मिल रहा है, जिससे आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। नाराजगी जताते हुए विधायक ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लेबरों का भुगतान तुरंत कराया जाए। यदि नियमित भुगतान नहीं हुआ तो संबंधित जिम्मेदारों पर कठोर कार्रवाई होगी। किसानों और मजदूरों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक बघेल ने केंद्र प्रभारी को भी निर्देशित किया कि किसानों का रकबा सटीक एवं स्पष्ट रूप से दर्ज हो।



### किसानों को परेशानी न हो

विधायक ने कहा कि किसानों को टोकन, तौल, परिवहन, भुगतान जैसी प्रक्रियाओं में किसी प्रकार की परेशानी न हो। समस्त कार्रवाई सुचारू और पारदर्शी रूप से संचालित की जाए।लोगों ने उम्मीद जताई कि इससे आगामी दिनों में धान खरीदी प्रक्रिया में सुधार होगा और उन्हें न्याय मिलेगा। ग्रामीणों का आग्रह है कि सरकार और प्रशासन किसानों एवं मजदूरों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर समय पर समाधान सुनिश्चित करें।


जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### चलित थाना लगा पुलिस ने ग्रामीणों को किया जागरूक

**फरसगांव।** क्षेत्र के उरंदाबेडा थाना पुलिस ने कोंडागांव पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा के निर्देश पर आज बुधवार को ग्राम उरंदाबेडा के साप्ताहिक बाजार में बुधवार को 1 बजे चलित थाना लगाकर बाजार मे आये ग्रामीणों को साइबर ठगी के बारे में बताकर उसने बचने जागरूक किया गया। महिला एवं नाबालिक बालक बालिका सम्बंधित अपराध के बारे में बताया गया। गांव मे कोई भी अंजान व्यक्ति घुमते पाए जाने पर थाना मे तत्काल सूचित करने कहा गया। किसी अंजान को अपना ओटीपी एवं एटीएम कार्ड नंबर नहीं बताने, यातायात नियमों का पालन करने, कार चलाते सीट बेल्ट एवं बाइक चलाते हेलमेट का प्रयोग करने की समझाइस दी गई।

### जैतपुरी चौक एनएच-30 में ट्रक व कार की हुई भीषण टक्कर



**फरसगांव।** कोंडागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जैतपुरी के मुख्य चौक पर नेशनल हाईवे 30 में बुधवार शाम लगभग 4:30 बजे एक तेज रफ्तार कार और ट्रक के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार रायपुर से जगदलपुर की ओर जा रही थी, उसी दौरान सामने से आ रही ट्रक से उनकी आमने-सामने टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कार में लगे सुरक्षा उपकरणों के चलते कार सवार सभी व्यक्ति बाल बाल बच गए। फिलहाल इस गंभीर घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल एनएचएआई की 1033 एंबुलेंस को सूचना दी जिसके बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल लाया गया है। फिलहाल घायलों की पहचान की पुष्टि नहीं हो सकी है। वहीं इस गंभीर सड़क हादसे की सूचना सिटी कोतवाली पुलिस को दे दी गई है।

### निषाद समाज के नए प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव 28 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ निषाद (केंवट) समाज की बैठक कोहका भिलाई में प्रदेश अध्यक्ष एवं गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद की अध्यक्षता में हुई। बीरेंद्र कुमार निषाद जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष के साथ सभी पदों पर चुनाव कराने पर निर्णय लिया गया। नामांकन 11 और 12 दिसंबर को लिया जाएगा। मतदान 28 दिसंबर को 4 संभाग अंतर्गत केंद्रीय कार्यालय कोहका भिलाई, जिला रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर कार्यालय में मतदान किया जाएगा। महासमुंद के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवि निषाद को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, पीके निषाद, सोनीराम निषाद, विजयलाल निषाद, भोज प्रसाद निषाद, रामकुमार निषाद, बसंत लारिया, सोहन सोहनलाल निषाद, बंशीलाल निषाद, लखनलाल निषाद को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह जानकारी जिलाध्यक्ष चन्दूलाल निषाद, उपाध्यक्ष हरकराम निषाद, महासचिव नारायण निषाद, मीडिया प्रभारी पवन निषाद ने दी है।

# आरक्षक भर्ती के परिणाम घोषित, 103 युवा हुए चयनित

## सुरक्षा व्यवस्था को मिलेगा बड़ा बल, महिला अभ्यर्थियों की उल्लेखनीय सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

बस्तर रेंज में आयोजित आरक्षक भर्ती प्रक्रिया 2023–24 के परिणाम आज जारी हुए, जिसमें कोंडागांव जिले के 103 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। इससे जिले में पुलिस बल की मजबूती और सुरक्षा व्यवस्था को नया आयाम मिलेगा।

कोंडागांव बना बस्तर रेंज का प्रमुख भर्ती केंद्र बस्तर रेंज में दो भर्ती केंद्र बनाए गए थे। जिनमें भर्ती केंद्र–2 कोंडागांव की विशेष भूमिका रही। इस केंद्र के अंतर्गत नारायणपुर, कोंडागांव, कांकेर जिलों की भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई। भर्ती समिति की अध्यक्षता पंकज चन्द्रा, पुलिस अधीक्षक कोंडागांव द्वारा की गई। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुंदरराज पट्टीलिंगम ने कहा कोंडागांव में भर्ती केंद्र स्थापित होने से यहाँ के युवाओं को बड़ी सुविधा मिली। नव–नियुक्त आरक्षक पुलिस सेवा में नया ऊर्जा–संचार करेंगे। कोंडागांव जिले में जन–सेवा उन्मुख पुलिसिंग और अधिक सुदृढ़ होगी। कोंडागांव में 103 युवाओं के चयन की खबर फैलते ही ग्रामीण और नगर क्षेत्रें में खुशी की लहर है। परिजन और अभ्यर्थी पुलिस विभाग में अपने बेहतर भविष्य को लेकर उत्साहित हैं।

### युवाओं ने दिखाई उत्कृष्ट तैयारी

कोंडागांव पुलिस लाइन में 16 नवंबर 2024 से 18 जनवरी 2025 तक दस्तावेज़ सत्यापन, शारीरिक नाप–जोख, शारीरिक दक्षता परीक्षण, सफलतापूर्वक संपन्न हुए। कोंडागांव के युवाओं ने इस चरणों में शानदार प्रदर्शन किया। व्यापम द्वारा 14 सितंबर 2025 को आयोजित लिखित परीक्षा में कोंडागांव जिले से बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। इसके बाद ट्रेड टेस्ट 17–19 नवंबर 2025 में भी कोंडागांव के युवाओं ने अपनी दक्षता साबित की।



### कोंडागांव के 103 आरक्षक चयनित

घोषित परिणामों में कोंडागांव जिले से 103 अभ्यर्थी चयनित हुए हैं। इससे जिले की पुलिस क्षमता में वृद्धि होगी और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रें में कानून–व्यवस्था और अधिक प्रभावी होने की उम्मीद है। बस्तर रेंज में कुल 464 महिला अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की है। कोंडागांव से भी महिला उम्मीदवारों का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय रहा, जो जिले में महिला सशक्तिकरण का मजबूत संकेत देता है।

## राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त तुमा कलाकार विश्वकर्मा ने बच्चों को बताए बनाने के गुर

# संकुल केंद्र सोनाबाल में तुमा हस्तशिल्प कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

संकुल केंद्र सोनाबाल में आज पारंपरिक कला को संजोने और नई पीढ़ी तक पहुँचाने के उद्देश्य से तुमा हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जनपद प्राथमिक शाला सोनाबाल एवं उच्च प्राथमिक शाला सोनाबाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का संचालन क्षेत्र के सुप्रसिद्ध कमलादेवी जूनियर राष्ट्रीय पुरस्कार 2016 से सम्मानित तुमा हस्तशिल्पी अनिल विश्वकर्मा एवं उनके सहयोगी कारीगर नगीना विश्वकर्मा, ग्राम किड़ईछेपड़ा ग्राम पंचायत डोंगरीगुड़ा ने किया। अनिल विश्वकर्मा, जिन्हें तुमा शिल्पकला का दिग्गज माना जाता है, ने बच्चों को तुमा से नाइट लैंप, टेबल लैंप, जूलरी, वाल हैंगिंग और कई आकर्षक कलाकृतियाँ बनाना सिखाया।





### लौकी से बनता है अनोखा तुमा शिल्प

कार्यशाला के दौरान कलाकारों ने छात्रों को बताया कि तुमा लौकी इस क्षेत्र में सहज उपलब्ध होता है। लौकी को सूखाने के बाद उसकी ऊपरी झिल्ली को हटाया जाता है। इसके बाद अंदर का सूखा हिस्सा निकाला जाता है, जिससे कठोर ढांचा तैयार होता है। फिर पारंपरिक लोहे की नुकीली छुरी और पतले तारों से उस पर सुंदर आकृतियाँ उकेरी जाती हैं। इस पूरी प्रक्रिया को बच्चों ने नज़दीक से सीखा और स्वयं भी कई आकर्षक कलाकृतियाँ बनाकर घर ले गए।

### विद्यार्थियों में दिखा उत्साह और रचनात्मकता

विद्यालय के बच्चों ने पूरे जोश के साथ कार्यशाला में भाग लिया। हर बच्चे ने अपनी कल्पनाशक्ति से अलग–अलग डिजाइन तैयार किए। बच्चों में लोककला के प्रति रुचि, रचनात्मकता और कौशल को बढ़ावा देने में यह कार्यशाला बेहद उपयोगी साबित हुई।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मंशा के अनुरूप पहल

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में पारंपरिक ज्ञान, कौशल–आधारित शिक्षा और स्थानीय कला को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसी क्रम में संकुल केंद्र सोनाबाल द्वारा इस प्रकार की कार्यशालाएँ निरंतर आयोजित की जा रही हैं। इससे पूर्व शासकीय प्राथमिक शाला खुटपारा सोनाबाल में भी तुमा शिल्प कार्यशाला आयोजित की गई थी, जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला कुम्हारपारा सोनाबाल के छात्रें ने भी भाग लिया था।

### ये रहे शामिल

इस सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान रहा जगतराम शोरी, संकुल समन्वयक पुरुषोत्तम दीक्षित, प्रधानाध्यापक, उ.प्रा. शाला सोनाबाल हितेंद्र कुमार श्रीवास, प्रधानाध्यापक, प्रा. शाला खुटपारा ईश्वरी कौमार्य, प्रधानाध्यापक, जनपद प्रा. शाला सोनाबाल शिक्षक चंद्रवंशी, सहायक शिक्षक रोहित मरकाम तथा अन्य शिक्षाक व सहयोगी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर-एसपी ने किया नगर के दुर्घटनाजन्य स्थलों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

शहर के दुर्घटनाजन्य स्थलों का कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं और पुलिस अधीक्षक रॉबिनसन गुड़िया द्वारा निरीक्षण कर लोक निर्माण विभाग के मुख्य कार्यपालन अभियंता संजय चौहान को गतिरोधक बनाने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नगर के घड़ी चौक का निरीक्षण करते हुए तीन स्थलों पर ब्रेकर बनाने के निर्देश दिए। उसके पश्चात पुलिस पेट्रोल पंप के सामने ब्रेकर बनाने निर्देशित किया गया। शहर के जगदीश मंदिर, परेड ग्राउंड मैदान के सामने, वन मंडल अधिकारी कार्यालय जाने के रास्ते इत्यादि स्थलों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अभयजीत मंडावी, तहसीलदार सौरभ चौरसिया, पीडब्ल्यूडी के एसडीओ बलराम नायक सहित विभिन्न विभाग के अधिकारीगण मौजूद थे।

# बाला मॉडल से बदली आंगनबाड़ी की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले में प्रारंभिक बाल शिक्षा को रोचक, प्रभावी और बच्चों के अनुकूल बनाने के लिए बाला (Building as Learning Aid) कॉन्सेप्ट आधारित आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण एक सफल नवाचार बनकर उभर रहा है। इस मॉडल में भवन के हर हिस्से दीवार, फर्श, खिड़की, दरवाज़ा और बाहरी परिसर को सीखने का साधन बनाया जाता है, जिससे बच्चे खेल-खेल में ज्ञान प्राप्त कर सकें। अक्षर, संख्याएं, रंग, आकार, प्रकृति और स्थानीय संस्कृति से जुड़े दृश्य प्रभाव बच्चे में जिज्ञासा बढ़ाते हैं और उनकी स्मरण शक्ति को सुदृढ़ करते हैं। जिले में मनरेगा, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा 15वें वित्त आयोग के सहयोग से 81 बाला मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण किया जा रहा है। इनमें से 38 केंद्र पूर्ण हो चुके हैं और शेष पर तेज़ी से कार्य जारी है। हाल ही में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने विकासखंड धमतरी के ग्राम उड़ेना में तैयार नवीन आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया। लगभग 11.69 लाख रुपये की लागत से निर्मित यह केंद्र बाला कॉन्सेप्ट का उत्कृष्ट उदाहरण पेश करता है। दीवारों पर स्थानीय जीवन, जीव-जंतु, पेड़-पौधों के चित्र, फर्श पर रंग-बिरंगे आकार और सीढ़ियों पर गिनती जैसी संरचनाएं बच्चों को प्रतिदिन नई सीख प्रदान करती हैं।



# छात्राओं को मानवाधिकार, सुरक्षा कानून बताए और साइबर अपराधों से बचने किया जागरूक

कस्तुरबा गांधी विद्यालय में मानव अधिकार एवं विधिक साक्षरता शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर में अधिवक्ता सुरेंद्र भट्ट एवं अधिकार मित्रों ने छात्राओं को मानवाधिकार, बाल अधिकार, बालिका सुरक्षा, साइबर क्राइम से बचाव, महिला सुरक्षा कानून, पॉक्सो एक्ट तथा शिक्षा के अधिकार के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी।

कार्यक्रम में छात्राओं को यह भी बताया गया कि किसी भी प्रकार की हिंसा, शोषण या उत्पीड़न की स्थिति में वे कैसे और कहाँ से विधिक सहायता प्राप्त कर सकती हैं। शिविर के दौरान छात्रओं को आत्मरक्षा के व्यावहारिक सुझाव दिए गए तथा आत्मविश्वास बढ़ाने के प्रेरक संदेश भी प्रदान किए गए। कस्तूरबा विद्यालय की छात्रएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में अधीक्षिका ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं टीम का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रओं को सुरक्षित, सक्षम और जागरूक बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। अवसर पर अधीक्षिका, अधिकार मित्र पारेश्वर देवांगन, रंजन बैध, लोकेश यादव सहित छात्राएं उपस्थित थीं।

# रामपुर स्कूल की 12 छात्राओं ने सुआ नृत्य में भाग लिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ बगदेही(धमतरी)

युवा कल्याण विभाग एवं जिला प्रशासन के तत्वावधान में इंडोर स्टेडियम आमातालाब धमतरी में जिलास्तरीय युवा उत्सव एवं महिला खेल का आयोजन किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर की खिलखची, नंदिनी, लखेश्वरी, पोयम, विनीता, किरण, सीमा समेत 12 छात्राओं ने प्राचार्य एमआर मनहर एवं व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू के मार्गदर्शन में सुआ नृत्य में भाग लिया। व्याख्याता आरके बघेल, आरके टंडन, एचके साहू, केके वर्मा, बीके निषाद, जेके साहू, जीके साहू, डीके साहू, पी शर्मा, एस साहू, जे ध्रुव, एल सोन, एम ठाकुर ने हर्ष व्यक्त किया।

# गिरौद में श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह 11 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



ग्राम गिरौद में स्व. तगूराम साहू, स्व. रोहेला साहू, स्व. सातोबाई, स्व. शोभितराम, स्व. विराजबाई, स्व. उर्मिलाबाई साहू की स्मृति में 11 से 19 दिसंबर तक सात दिवसीय श्रीमद भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह कथा अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया है।

प्रवचनकर्ता पं. रामकुमार शर्मा मजरकटा गरियाबंद होंगे। संगीतमय भागवत कथा दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक होगी। 11 दिसम्बर को प्रथम दिन कलश यात्रा के साथ कथा प्रारंभ होगी। 12 दिसंबर को सृष्टि वर्णन ,वराह अवतार, 13 को ध्रुव चरित्र जड़ भरत कथा, 14 को प्रहलाद चरित्र समुद्र मंथन, 15 को वामन अवतार, श्री कृष्ण जन्म, 16 को बाललीला रुक्मणि विवाह, 17 को सुदामा चरित्र, 18 को परीक्षित मोक्ष तुलसी वर्षा एवं शोभायात्रा होगी। 19 दिसंबर को समापन पर गीता पाठ, यज्ञ पूर्णाहुति, महाप्रसादी का आयोजन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में जीवन साहू, चमेली साहू, किशोर साहू, नेहा साहू, तुलाराम साहू, पूर्णिमा साहू, भीषमलाल साहू, सुनीता साहू, अजय, दीपक, टाकेश्वर, भावना, होमेंद्र, काव्या, विकास जुटे हुए हैं।

## पेज 11 के शेष

### तीन करोड़ से ....

कारण यह अब असामाजिक तत्वों का अड्डा बन चुका है। वार्डवासियों का कहना है कि निर्माण के दौरान ही स्पष्ट खामियां दिखाई देने लगी थीं, लेकिन निगम ने न तो गुणवत्ता पर नजर रखी और न ही भवन के संचालन को लेकर कोई योजना बनाई। नागरिकों ने आशंका जताई कि भविष्य में यह भवन अपने मूल उद्देश्य को कभी पूरा कर भी पाएगा या नहीं। शासन की राशि से बने इस महत्वपूर्ण भवन को न सिर्फ उपेक्षा का शिकार बनाया गया बल्कि वर्षों तक इसकी सुरक्षा भी नहीं की गई। अब निगम 30 लाख रुपये की मेंटेनेंस योजना का प्रस्ताव तैयार कर रहा है, जबकि ठेकेदार पर किसी प्रकार की जवाबदेही नहीं तय की गई है।

### दिव्यांग बच्चों की ...

प्रत्यारोपण, दासाराम कवासी 13 वर्ष, पिता मंगलू कवासी, अस्थायी पता पोटाकेबिन, भटवाड़ा, स्थायी पता बड़ेकीलेपाल, बस्तर, विकलांगता बायां पैर विकलांग कृत्रिम लाभ पैर का प्रत्यारोपण किया गया। यह पहल न केवल बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है, बल्कि उन्हें शिक्षा, समाज और सामान्य जीवन में सक्रिय भागीदारी हेतु नई उम्मीद भी प्रदान करती है। चिरायु टीम के समर्पित प्रयासों से बच्चों के जीवन में नए अवसरों की संभावना सशक्त हुई है। चिरायु भैरमगढ़ की ओर से स्वास्थ्य एवं पुनर्वास के लिए सतत प्रयास जारी है।

### छात्राओं ने समझा ....

ने अपने व्यापक अनुभव को साझा करते हुए छात्राओं को विस्तार से समझाया कि व्यावसायिक डेटा कैसे एकत्र किया जाता है, इसकी सुरक्षा क्यों महत्वपूर्ण है, और भविष्य के निर्णय लेने के लिए डेटा का विश्लेषण करना कितना आवश्यक है। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट किया कि कंपनियाँ डेटा का उपयोग करके ग्राहक व्यवहार को गहराई से समझती हैं। बिक्री को प्रभावी ढंग से बढ़ाती हैं, जोखिमों को कम करती हैं और सफल रणनीतियों का निर्माण करती हैं।

### नानगुर में किसानों ....

ने कहा लगातार धान खरीदी केन्द्रों में समस्याओ का अंबार लगा हुआ है कांग्रेस पार्टी लगातार धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर रही है पर सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है। नानगुर, नगरनार आदि क्षेत्रों में दौरे के दौरान बता चला कि धान खरीदी केन्द्रों में ज्यादा किसान हैं, वहां पर अभी तक 15-20 प्रतिशत ही धान खरीदी हो पायी है। धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी हैं और इस दरमियान शीतकालीन एवं राष्ट्रीय पर्व एवं त्यौहारी छुट्टियों के साथ कम से कम 10-12 दिन 3 अवकाश होना है। ऐसे में किसान अपने धान को शत प्रतिशत बेच पाने में असमर्थ रहेंगें अतः इस गंभीर समस्या के निराकरण हेतू प्रत्येक धान खरीदी केन्द्रो मे धान खरीदी लिमिट बढाई जायें। पूर्व विधायक ने बताया राज्य सरकार अपने किये वादे से साफ साफ मुकर रही है। राज्य सरकार 22 क्विंटल प्रति एकड़ कह कर अभी किसानों से 13 क्विंटल एकड़ खरीदी कर रही हैं, सरकार तत्काल अपने किये वादे पर अमल करे। इस दौरान नानगुर ब्लॉक अध्यक्ष फूलसिंह बघेल, वरिष्ठ कांग्रेसी नीलुराम बघेल,महामंत्री अभिषेक नायडू, युवा कांग्रेस अध्यक्ष निकेतराज झा, किसान कांग्रेस अध्यक्ष दयाराम कश्यप,हरिहर सेठिया, विजेंद्र ठाकुर,अनुराग महतो,नीतीश शर्मा,विजय ध्रुव,जयकुमार, विनोद सेठिया, लोकेश सेठिया, धनसिंह बघेल, रामेश्वर नाग, मनीराम भारती, वीरलेख, जयसिंह बघेल, संतराम नाग, जयदेव नान, खीरेंद्र यादव, कमल चलकी, झिमटू कश्यप, कंवल साय चालकी, शरद कुमार नागेश, हरिबंधु नाग, सुंदर लाल सेठिया, लखपति देहारी, जीमला नाग, सहदेव, संपत आदि मौजूद रहे।

## कोंडागांव बालक छात्रावास में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

# मानव अधिकार दिवस पर छात्रों को दी गई विधिक जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

■ मानवाधिकार दिवस पर विशेष आयोजन

विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर 10 दिसंबर को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव द्वारा बालक छात्रावास में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्अध्यक्ष किरण चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। प्रतिधाकर




अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट ने विद्यार्थियों को मानवाधिकार, बाल संरक्षण कानून, साइबर सुरक्षा, शिक्षा का अधिकार, बालश्रम निषेध, लैंगिक समानता और अन्य संवैधानिक अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। स्वयं को किसी भी प्रकार के शोषण, हिंसा या उत्पीड़न से सुरक्षित रखने तथा ऐसी स्थिति आने पर उपलब्ध विधिक सहायता साधनों का उपयोग करने के लिए भी प्रेरित किया गया।

### छात्रावास स्टाफ व विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति

कार्यक्रम में अधिकार मित्र रविन्द्र बघेल, रंजन बैध, लोकेश यादव, छात्रावास के अधीक्षक एवं सभी छात्र उपस्थित रहे। अंत में अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

## खबर संक्षेप

### 100 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रमों की शुरुआत

**बीजापुर।** जिला कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की प्रथम वर्षगांठ पर द्वितीय चरण के रूप में 100 दिवसीय जन जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। बाल विवाह उन्मूलन को जन आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से जिलेभर में व्यापक आउटरीच गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। अभियान का मुख्य लक्ष्य बच्चों, बालिकाओं, महिलाओं एवं समुदाय को बाल विवाह के दुष्परिणाम, उनके अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाना है, ताकि जिले को बाल विवाह मुक्त बनाया जा सके। वर्ष 2025-26 में जिले की 40 प्रतिशत ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त बनाना लक्षित है।

### मनरेगा से बदला बांगोली का जीवन

**बीजापुर।** भैरमगढ़ विकासखंड के इंद्रावती नदी पार स्थित नियद नेल्लानार ग्राम पंचायत बांगोली गांव के ग्रामीणों को अब राशन के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। वर्षों से माओवाद प्रभावित इस क्षेत्र के बांगोली, सतवा और मरकापाल के निवासियों को प्रतिमाह 18 किलोमीटर दूर भैरमगढ़ जाकर उचित मूल्य की दुकान से राशन प्राप्त करना पड़ता था। बरसात के दिनों में इंद्रावती नदी पार करना अत्यंत जोखिमपूर्ण हो जाता था जिससे 524 राशनकार्डधारी परिवारों को नियमित खाद्यान्न प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। जिला प्रशासन की पहल तथा महात्मा गांधी नरेगा योजना और जिला खनिज न्यास निधि के संयुक्त सहयोग से ग्रामीणों की यह बड़ी समस्या अब समाप्त होने जा रही है। लगभग 11 लाख 76 हजार रुपये की लागत से बांगोली में खाद्यान भंडारण सह उचित मूल्य दुकान भवन का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है।

# बीआईओएम किरंदुल कॉम्प्लेक्स में वार्षिक सुरक्षा समारोह मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ किरंदुल




रवींद्र नारायण अधिशासी निदेशक ने प्रशासनिक भवन के प्रांगण में सुरक्षा ध्वज फहराकर उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई। डीजीएमएस द्वारा गठित निरीक्षण दल ने किरंदुल परियोजना की खदान, संयंत्रों, प्रशिक्षण सुविधा और ओएचएस सुविधा का निरीक्षण किया तथा सुरक्षा के उच्च मानक बनाए रखने के लिए किए जा रहे विभिन्न कार्यों की सराहना की।

वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह के दौरान सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कर्मचारियों, छात्रों और गृहिणियों के लिए विभिन्न सुरक्षा संबंधी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। डीएवी स्कूल, किरंदुल के सभागार में संध्या आयोजित वार्षिक खान सुरक्षा समारोह के दौरान मुख्य अतिथि रविंद्र नारायण, अधिशासी निदेशक ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया, साथ ही छात्रों और कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा नाटक का मंचन किया गया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि रवीन्द्र नारायण अधिशासी निदेशक, बीआईओ एम., किरंदुल कॉम्प्लेक्स ने अपने संबोधन में कार्यस्थल पर सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया और कहा कि सुरक्षा हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए तथा स्वास्थ्य, सुरक्षा मानक में और सुधार के लिए सुरक्षा संस्कृति पर जोर दिया जाए। श्रमिक प्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में कार्यस्थल पर सुरक्षा के महत्व पर भी जोर दिया और कार्यस्थल पर सुरक्षा के उच्च स्तर बनाए रखने के लिए किए जा रहे उपायों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान केपी सिंह, मुख्य महाप्रबंधक उत्पादन, एसके कोचर, महाप्रबंधक खनन/खान प्रबंधक, सभी विभागाध्यक्ष, वरि.अधिकारीगण, श्रमिक प्रतिनिधि, वर्कमेन इंस्पेक्टर, सुरक्षा समिति के सदस्य, कर्मचारी व स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रितेश मिश्रा, उप महाप्रबंधक खनन ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन सुनील कुमार, उप महाप्रबंधक प्रशि.व सुरक्षा ने किया।

## कोलावल के मेले में पहुंचे विधायक

# देवी-देवताओं की पूजा कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की





हरिभूमि न्यूज ▶▶ घाटलोहंगा

बस्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम पंचायत कोलावल में आयोजित पौश मेला में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल शामिल हुए। मेले के पारंपरिक आयोजन को देखने के लिए पहुँचकर विधायक ने मेला परिसर का विस्तृत भ्रमण किया तथा मंदिर स्थल तक पहुँचकर ग्रामवासियों द्वारा विभिन्न गाँवों से लाए गए देवी-देवताओं की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-शांति, समृद्धि और उत्तरोत्तर प्रगति की मंगलकामनाएँ भी की।

विधायक लखेश्वर बघेल ने मेले में आए आमजनों से आत्मीय भेंटकर उनकी कुशलक्षेम पूछी और पौश मेले की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ मेला घूमते हुए विभिन्न दुकानों से स्थानीय उत्पाद भी क्रय किए। मेले में उपस्थित उड़ीसा राज्य के शिल्पकार विश्कर्मा की दुकान से उन्होंने सबल, कुल्हाड़ी, फावड़ा जैसे औजार भी खरीदे। यह कदम न केवल स्थानीय और पारंपरिक कारीगरी के समर्थन का संदेश देता है, बल्कि यह भी प्रदर्शित करता है कि बघेल क्षेत्र को एक विकसित विधानसभा बनाने के साथ–साथ ग्रामीण जीवन, खेती-बाड़ी और गृहस्थ संस्कृति के उत्थान पर भी विशेष ध्यान देते हैं। पौश मेले में उनकी उपस्थिति से ग्रामवासियों में उत्साह देखते ही बना, वहीं उनके सरल व आत्मीय व्यवहार ने कार्यक्रम के वातावरण को और भी सौहार्दपूर्ण बना दिया।

# शिव महापुराण कथा में शिव पार्वती विवाह प्रसंग में श्रद्धालु जमकर झूमे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर

शिव महापुराण कथा के चौथे दिन मंगलवार को शिव पार्वती विवाह प्रसंग में श्रद्धालुओं ने विवाह गीतों पर जमकर नृत्य किया।

कथावाचक पंडित नारायण महाराज जी ने अपने ओजस्वी वाणी से श्रद्धालुओं को मंत्र मुक्त कर दिया। उन्होंने श्लोक और भावपूर्ण गीतों के माध्यम से शिव पार्वती विवाह प्रसंग पार्वती जी का तप का विस्तृत वर्णन किया। शिव पार्वती विवाह की गाथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर होकर झूमने लगे। कार्यक्रम में शिव पार्वती विवाह के दौरान बेंड बाजा से बारात कथा स्थल पर पहुंचे तत्पश्चात हल्दी लगाकर आतिशबाजी कर पुष्प वर्षा से पूरे वातावरण को भक्ति मय बना दिया।इस दौरान सैकड़ो की संख्या में आसपास गांव से ग्रामीण व नगरवासी जमकर झूमकर नृत्य किये। नगर में भक्ति में वातावरण का माहौल देखने को मिल रहा है।

# विद्यार्थियों ने सफाई कर ग्रामीणों को स्वच्छता का महत्व समझाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम

एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा के तत्वावधान में ग्राम जावंगा में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने सामाजिक दायित्वों एवं ग्रामीण विकास के प्रति सक्रिय भागीदारी निभाई। शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम के आंगनबाड़ी केंद्र, आरोग्य मंदिर तथा प्राथमिक विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों ने सफाई कर ग्रामीणों को स्वच्छता का महत्व समझाया तथा स्वच्छ ग्राम–स्वस्थ ग्राम का संदेश दिया। चौथे दिन ग्राम पंचायत जावंगा के सरपंच बोंमड़ा राम कवासी ने शिविर स्थल पर पहुँचकर विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने युवाओं की भूमिका, ग्राम विकास के महत्व और नशामुक्त समाज के निर्माण पर अपने प्रेरक विचार साझा किए। उनके उद्बोधन से स्वयंसेवकों में नई ऊर्जा का संचार हुआ। इसके पश्चात जावंगा मिडिल स्कूल के बच्चों के लिए प्रेरणादायी फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसमें विद्यालय के शिक्षक नंदलाल ठाकुर, पार्वती कश्यप एवं संतोष कुमार सिंह उपस्थित रहे। बच्चों ने उत्साहपूर्वक फिल्म देखी और इससे जीवन मूल्य, लक्ष्य निर्धारण तथा सकारात्मक सोच की प्रेरणा प्राप्त की। एनएसएस शिविर के इन गतिविधियों ने ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता, जिम्मेदारी और सामुदायिक सहयोग की भावना को और अधिक मजबूत किया।

- ■ प्रेरणादायी फिल्म का प्रदर्शन किया गया

# प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हुआ प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम



कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा और टीआरआईएफ के संयुक्त तत्वावधान में नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के अंतर्गत सीएलफ -एचआर एवं एनआरएलएम से जुड़ी कृषि सखी एवं स्वयं सहायता समूहों के लिए दो दिवसीय व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रगतिशील किसान हरसिंह ओयामी के खेत में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्राकृतिक खेती की तकनीकों का व्यवहारिक प्रशिक्षण देकर स्थानीय किसानों को आत्मनिर्भर बनाना तथा मिट्टी और फसल स्वास्थ्य में सुधार लाना था। प्रशिक्षण का शुभारंभ कृषक हरसिंह ओयामी के सादर स्वागत से हुआ। कार्यक्रम में एसआरएलएम रायपुर से अशुतोष मिश्रा मुख्य वक्ता बने। मिश्रा ने प्राकृतिक खेती के सिद्धांत, लाभ और इसे अपनाने के सामाजिक-आर्थिक पहलुओं पर व्यापक चर्चा की। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती लागत घटाकर किसान की आय में बढ़ोतरी तथा जमीन की उपजाऊ शक्ति बरकरार रखने में सहायक है। कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा के वैज्ञानिक डॉ. प्रवीण निषाद ने छोटे उपयोगी उपकरणों का प्रायोगिक परिचय दिया। उन्होंने इन उपकरणों के चयन, रख-रखाव और फील्ड में इस्तेमाल के तरीकों पर विशेष ध्यान दिया ताकि महिलाएं और छोटे किसान भी इन्हें सहजता से प्रयोग कर सकें। दो दिवसीय प्रशिक्षण में प्रतिभागी दीदियों को विभिन्न विषयों पर हैंड्स-ऑन प्रैक्टिस कराई गई, जिसमें प्रमुख रूप से प्राकृतिक खेती की बुनियादी समझ और इसके वैज्ञानिक आधार को लोक-स्तर पर फैलाना। मल्टी-लेयर क्रॉपिंग, मल्चिंग व नेचुरल वेस्ट डी-कंपोजर जैसी तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना। प्राकृतिक कीट एवं रोग प्रबंधन की ऐसे विधियाँ सिखाना जो रासायनिक दवाओं पर निर्भरता घटाएं। महिला कृषकों (कृषि सखी) और समूहों को उपकरण उपयोग में दक्ष बनाकर उनकी उत्पादन क्षमता बढ़ाना शामिल थे। प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रतिभागियों ने इन तकनीकों का प्रत्यक्ष अभ्यास किया और प्राकृतिक खेती में इनके महत्व को समझा। कार्यक्रम में टीआरआईएफ की ओर से सौरभ दत्ता, निखिल वर्मा, सालेहिन खान तथा मौसम रहंगडाले सहित धरतीमाता सीएलफ के पदाधिकारी उपस्थित रहे और प्रशिक्षण के संचालन में सक्रिय योगदान दिया।

# बस्तरिया राज मोर्चा का धरना कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

जिले में धान खरीदी की धीमी रफ्तार और किसानों की बढ़ती समस्याओं को लेकर बस्तरिया राज मोर्चा ने बुधवार को शबरी ऑडिटोरियम के पास धरना किया।

मोर्चा के पदाधिकारियों ने कलेक्टर के नाम 10 सूत्रीय मांग पत्र सौंपते हुए नई खरीदी केंद्र खोलने, खरीदी अवधि बढ़ाने और पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग की।

- ■ खरीदी केंद्र खोलने व अवधि बढ़ाने और पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग

धरने में शामिल किसानों ने आरोप लगाया कि केंद्रों पर छोटे और आदिवासी किसानों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जा रहा है, जबकि बड़े किसानों और बिचौलियों को तरजीह मिल रही है। किसानों ने धान की जांच के दौरान पानी में डुबोकर टेस्ट करने और अनुचित बोरी तौल व अतिरिक्त शुल्क वसूली पर कड़ी आपत्ति जताई।

मोर्चा के प्रभारी रामा सोढ़ी, सचिव गंगा बघेल और ब्लॉक अध्यक्ष देवाराम वट्टी ने आरोप लगाया कि इस बार खरीदी देर से शुरू होने के कारण किसान तय अवधि में पूरा धान नहीं बेच पाएंगे। उन्होंने सरकार पर चुनावी वादे पूरे न करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कोर्रा, बुडदी और कोण्डरे पंचायतों में नए खरीदी केंद्र खोलने की मांग वर्षों से लंबित है। किसानों को अब भी 15–20 किमी दूर जाकर धान बेचना पड़ रहा है, जिससे परेशानी बढ़ती जा रही है।

# निर्माण कार्यों की प्रगति पर कलेक्टर ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा



कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज कलेक्टरेट सभाकक्ष में पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, सेतू निर्माण तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जुड़े प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हों और निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं। कलेक्टर ने बैठक की शुरुआत जिले में चल रही प्रमुख सेतू निर्माण परियोजनाओं से की, जिनमें गीदम बायपास रोड से बागावाड़ी मार्ग स्थित डंकनी नदी पर उच्च स्तरीय पुल, बिंजाम से फरसपाल मार्ग पर शंखनी-डंकनी नदी पर बन रहे पुल तथा पोन्दुम से दाबपाल मार्ग पर निर्माणाधीन उच्च स्तरीय पुल शामिल हैं। उन्होंने इन सभी कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की जानकारी लेते हुए ठेकेदार एजेंसियों को कार्य की गति बढ़ाने, गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी न आने देने तथा सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही उन्होने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित डीएमएफ मद अंतर्गत स्वीकृत ग्रामीण सड़क परियोजनाओं की भी विस्तार से समीक्षा की गई। धुरली मुख्य मार्ग से मुण्डीपारा तक सीसी सड़क, बारसूर-पल्ली मार्ग से उदेनार सड़क तथा मुख्य मार्ग से कोरकोटी तक बीटी सड़क निर्माण जैसे कार्यों की प्रगति पर कलेक्टर ने संतोष व्यक्त करते हुए उन्हें समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

## चिपुरभट्टी में पहली बार बना पक्का घर

# बुढ़ापे का सहारा बनी प्रधानमंत्री आवास योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर



अंधकार कितना भी गहरा हो, आशा की एक किरण उसे मिटा देती है। इसी कहावत को चरितार्थ किया है उसूर विकासखंड के नक्सल प्रभावित नियद नेल्लानार ग्राम चिपुरभट्टी की 74 वर्षीय रामबाई ने, जिनके जीवन में प्रधानमंत्री आवास योजना ने नई रोशनी भर दी है।

वर्षों से नक्सली दहशत झेल रहे इस गांव में सरकारी योजनाएँ लागू होना मुश्किल था। न तो विकास कार्य हो पाते थे और न ही कोई निर्माण। लेकिन नियद नेल्लानार कार्यक्रम की शुरुआत के साथ ही हालात बदले, और पहली बार गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान बनने का रास्ता खुला। बुजुर्ग रामबाई ने अपने दो पुत्रों को बीमारी के कारण खो दिया था। बहू और चार पोतों की जिम्मेदारी उन्हीं पर थी। टूटी-फूटी झोपड़ी में रहकर जीवन संघर्ष बन गया था। रामबाई बताती हैं सोचा नहीं था कि हमारे जीवन में भी कभी खुशी आएगी। माओवादी दहशत से गांव में कोई काम नहीं होता था। वित्तीय वर्ष 2024–25 में जब 1 लाख 20 हजार रुपए की राशि से पीएम आवास स्वीकृत हुआ, तो ऐसा लगा जैसे जीवन में नई उम्मीद मिल गई। आज उनका पक्का घर बनकर तैयार हो चुका है और यह गांव का पहला स्वीकृत और पूर्ण हुआ आवास है। वे इसे बुढ़ापे का सबसे बड़ा सहारा बता रही हैं।

***लखमू पनिक को भी मिला आवास, बदले हालात***

इसी क्रम में गांव के लखमू पनिक को भी प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास स्वीकृत हुआ है। पत्नी के निधन के बाद उन्होंने अकेले बेटे की परवरिश की और 2 एकड़ जमीन में खेती कर परिवार को संभाला। आज उनका बेटा विवाहित है और घर में पोते के कदमों की खुशियाँ हैं।

लखमू ने कहा कि सरकार की मदद से अब हमारे पास भी पक्का घर होगा। यह सिर्फ मकान नहीं, बल्कि हमारे परिवार की सुरक्षा और सम्मान है।

***नक्सल प्रभावित गांव में विकास की नई शुरुआत***

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले इन दो आवासों ने न सिर्फ दो परिवारों का जीवन बदला है, बल्कि यह संदेश भी दिया है कि नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास की रोशनी लगातार फैल रही है। नियद नेल्लानार कार्यक्रम ने इस बदलाव को नई रफ्तार दी है।

### गुरू घासीदास जयंती पर शुष्क दिवस

**दंतेवाड़ा।** कार्यालय आबकारी से जारी विज्ञप्ति अनुसार छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 एवं उसके अधीन बनाये गये नियमों एवं छत्तीसगढ़ आबकारी देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम 2018 यथासंशोधित के तहत वर्ष 2025-26 के लिए देशी विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों का आबकारी नीति के अन्तर्गत व्यवस्थापन एवं अन्य बिन्दुओं पर शासन निर्देश की कंडिका 22.1 के अनुसार 18 दिसम्बर को गुरू घासी दास जयंती के अवसर पर शासन द्वारा शुष्क दिवस घोषित किया गया है। अतः उक्त 18 दिसम्बर को जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा की समस्त देशी मदिरा दुकान सी.एस.2 (घघ) एवं विदेशी मदिरा दुकान एफ.एल. 1 (घघ) एवं विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकान एफ.एल.-1 घघ-कम्पोजिट एवं एफ.एल. 1 ख-कंपोजिट अहाता तथा एफ.एल. 7 सैनिक केन्टीन फुटकर अनुज्ञप्ति पूर्णतः बंद रहेगी।

**न्यायालय तहसीलदार बस्तर, जिला- बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./ / ब 121/2025-2026

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोमारूराम पिता लच्छू राम जाति माड़िया निवासी ग्राम ईच्छापुर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि उसके स्वयं सोमारू राम पिता लच्छू राम की माता पाकली बाई जन्म/मृत्यु दिनांक 22.10.1966 को ग्राम ईच्छापुर में होना बताते हुए जन्म होने से जन्म प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /महिला/संस्था को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो, तो वे नियत तिथि 24/12/2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 10/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर

**तहसीलदार**
**बस्तर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा//**

राजस्व प्रकरण क्र./ब-121/
202509152300115/2025-26
ग्राम :-तारागांव
प.ह.नं. 19 तहसील लोहण्डीगुड़ा

एतद् द्वारा ग्राम तारागांव के जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक फूलचंद पिता बुदरू जाति माड़िया निवासी ग्राम तारागांव के द्वारा जन्म प्रमाण पत्र बाबत आवेदन मय शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा का मूल प्रति एवं आधार कार्ड, राशनकार्ड की छायाप्रति के साथ इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक अपने स्वयं का जन्म प्रमाण पत्र शासकीय कार्य हेतु बनाना चाहते हैं। फूलचंद कश्यप पिता बुदरू का जन्म दिनांक 01/01/2005 का उल्लेखित है। जिनका प्रकरण इस न्यायालय में विचारधीन है। जिसकी पेशी तिथि 23/12/2025 को नियत है। यदि किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपने अभिभाषक अथवा अधिवक्ता के माध्यम से निर्धारित अवधि तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयोपरान्त किसी के भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से उदघोषणा जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**लोहण्डीगुड़ा**

## खबर संक्षेप

### मारकेल ने जीता मैच



**करपावंड।** मंगलवार मारुति 11 क्रिकेट क्लब करपावंड वर्ष 2025 का प्रथम मैच खेला गया जिसमें मार्केल विरुद्ध पोटानार की टीम का आपस में सामना हुआ। पोटानार की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। मार्केल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ताबड़तोड़ 151 रन का टारगेट दिया। लक्ष्य को पोटानार की टीम अच्छी लड़ाई लड़ते हुए 17 रन से पीछे रह गई। मार्केल से मैन ऑफ द मैच सीताराम रहे जिन्होंने 27 गेंद का सामना करते हुए 72 रन बनाए। वही दूसरा मैच मार्केल विरुद्ध कुरुषपाल खेला गया जिसमें मार्केल की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। कुरूषपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 103 रनो का विशाल लक्ष्य मार्केल के सामने रखा। मार्केल के बल्लेबाजो ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम को जीत दिला दिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच रहे चंकी जिन्होंने हैट्रिक विकेट लेकर मात्र 6 रन दिए। मुख्य अतिथि तरुण पांडेय जनपद उपाध्यक्ष बकावंड, विषम ठाकुर करपावंड मंडल महामंत्री, ओमप्रकाश गुप्ता मीडिया प्रभारी मौजूद रहे।

### मां सारदा देवी का 173वां जन्म महोत्सव आज

**जगदलपुर।** रामकृष्ण सारदा सेवाश्रम धरमपुरा में गुरूवार को मां सारदा देवी का 173 वां जन्म महोत्सव किया जाएगा। सेवाश्रम के अध्यक्ष स्वामी तन्मयानन्द ने बताया कि इसमें सुबह 5 बजे मंगलारती, 5.15 बजे वैदिक मंत्र एवं स्त्रोत पाठ, 5.40 बजे देवी सुक्तम एवं दुर्गा सुक्तम, 6 बजे मंदिर प्रांगण में भजन, 7.30 बजे विशेष पूजा, पूर्वान्ह 11 बजे भजन, भक्ति गीत, 11.30 बजे पुष्पांजलि, मध्यान्ह 12 बजे हवन, 1.30 बजे प्रसाद वितरण, शाम 6.20 बजे संध्या आरती, भजन, रात्री 8.30 बजे प्रवचन एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# नदी-नाला पार कर पैदल पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम, लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के 13 वें चरण के तहत बस्तर संभाग अंतर्गत सुकमा जिले के सबसे संवेदनशील और दूर-दराज के क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराने के प्रति प्रशासन की गंभीरता एक बार फिर दिखी। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सिंह स्वयं टीम के साथ नदी पार कर लगभग 2 किमी पैदल चलकर गांवों में पहुंचे और अभियान की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किया। टीम ने सेक्टर गादीरास एवं केरलापाल के मिरिवाडा, एटपाल और फूलबगड़ी के दामापारा जैसे अति संवेदनशील ग्रामों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान एक बच्चे में मलेरिया पॉजिटिव पाए जाने पर सीएमएचओ डॉ. सिंह ने व्यक्तिगत रूप से उसकी स्वास्थ्य जांच कर दवा की पहली खुराक खिलाई, जो प्रशासन की जिम्मेदारी और सक्रियता का साफ प्रमाण है। निरीक्षण दल में जिला मलेरिया सलाहकार राजेश्वरी और ब्लॉक मलेरिया सलाहकार मालती नेताम भी शामिल रहीं।

## दूर-दराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराने प्रशासन गंभीर

### कुपोषित बच्चों के लिए तुरंत कार्रवाई

दौरे में आंगनबाड़ी केंद्र के कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती करने के निर्देश दिए गए, ताकि उन्हें समय पर संपूर्ण उपचार और पोषण आहार मिल सके।





### स्वास्थ्य सेवाओं को हर घर तक पहुंचाने प्रयासरत्

नदी पार कर पैदल मार्ग से गांवों तक पहुंचना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि प्रशासन कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद स्वास्थ्य सेवाओं को हर घर तक पहुंचाने के मिशन पर लगातार काम कर रहा है।

### बच्चों को दी स्वास्थ्य शिक्षा

निरीक्षण के दौरान टीम ने स्कूल एवं आश्रम के बच्चों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का महत्व समझाया। बच्चों को यह संदेश दिया गया कि मच्छरदानी का नियमित उपयोग करें। मलेरिया से बचाव की सभी सावधानियों का पालन करें। बीमारी के लक्षण दिखने पर तुरंत स्वास्थ्य कार्यकर्ता को जानकारी दें या निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें।

## बस्तर की गुरु गोमती सोनी करेंगी 45 हजार पदों का गायन

# अन्नकुमारी स्थापना के साथ 11 दिवसीय लक्ष्मी जगार प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



रविंद्रनाथ टैगोर वार्ड स्थित परदेसीन माता मंदिर परिसर में बुधवार से 11 दिवसीय लक्ष्मी जगार की पारंपरिक शुरुआत अन्नकुमारी स्थापना के साथ हो गई। सुबह मंत्रोच्चारण के बीच अन्नकुमारी को विराजित किया गया और इसके बाद तेरस से जगार गायन की मंगल ध्वनि गूंज उठी। आयोजन के लिए कारीतराई (बस्तर) से गुरु गोमती सोनी और उनकी चेली कौशल्या सोनी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है, जो अगले दस दिनों में लगभग 45 हजार पदों का गायन करेंगी।

परदेसीन माता मंदिर समिति और वार्डवासियों के सामूहिक प्रयास से इस वर्ष आठवीं बार यह पारंपरिक अनुष्ठान आयोजित हो रहा है। श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ प्रतिदिन की पूजा-विधि और अनुष्ठानों में शामिल हो रहे हैं।

धान कटाई के बाद मां अन्नपूर्णा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने हेतु बस्तर अंचल में लक्ष्मी जगार परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है। मंगलवार को निकली कलश यात्रा के पश्चात बुधवार को अन्नकुमारी स्थापना संपन्न हुई। इस अवसर पर परदेसीन माता मंदिर समिति के संयोजक गोलू बघेल (सिरहा) और अर्जुन दास (पुजारी) उपस्थित रहे।आयोजन में प्रतिदिन विभिन्न रूपों की लक्ष्मी पूजा की जाएगी।11 दिसंबर को विद्या लक्ष्मी, 12 को धैर्य लक्ष्मी, 13 को धन लक्ष्मी, 14 को संतान लक्ष्मी सहित परदेसीन माता विवाह।15 को गजलक्ष्मी पूजा व मंदिर उद्घाटन, 16 को वीरा लक्ष्मी,17 को मोक्ष लक्ष्मी,18 को सौम्य और जया लक्ष्मी पूजा एवं लक्ष्मी विवाह। 19 को कलश विसर्जन और 21 दिसंबर को देवी एवं गुरुमाय की विदाई सम्पन्न होगी।

### बस्तर की लोकआस्था और जगार परंपरा

लक्ष्मी जगार बस्तर की गहन लोकश्रद्धा और कृषि-आधारित संस्कृति की अनूठी परंपरा है, जिसमें धान कटाई की समाप्ति के बाद गांव-समुदाय सामूहिक रूप से अन्नकुमारी की स्थापना कर मां अन्नपूर्णा के प्रति आभार व्यक्त करता है। जगार गायन में स्थानीय देवताओं, प्रकृति, कृषि-जीवन और जनसमुदाय की मान्यताओं का विस्तृत वर्णन होता है, जिसे गुरु-चेली प्रणाली के माध्यम से पीढ़ियों से संजोया गया है।

## विकसित भारत, नशामुक्त समाज और शौर्य दिवस संगठन ने तय किए वर्षभर के कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सीताराम शिवालय में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और मातृशक्ति दुर्गावाहिनी की जिला स्तरीय विशेष बैठक संपन्न हुई। 8 दिसंबर को आयोजित इस बैठक में प्रांत से प्राप्त दिशा-निर्देशों को सभी जिम्मेदार पदाधिकारियों के समक्ष रखते हुए आगामी एक वर्ष तक चलने वाले लोकोपकारी, सामाजिक व राष्ट्रहितैषी कार्यक्रमों पर विस्तृत विमर्श किया गया। संगठन ने समाज के साथ समन्वय बढ़ाते हुए सेवा, जागरण और राष्ट्रीय दायित्वों को प्राथमिकता देने का संकल्प व्यक्त किया।

विभाग मंत्री रवि ब्रह्मचारी ने कहा कि समाज में फैली नशे की समस्या को जड़ से खत्म करना संगठन का प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने, युवाओं को नशा छोड़ने के प्रति प्रेरित करने और प्रखंड स्तर पर व्यापक नशा मुक्ति अभियान चलाने की रूपरेखा प्रस्तुत की। विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने हेतु स्वदेशी उत्पादों के उपयोग और प्रचार को भी महत्वपूर्ण बताया गया। सरकारी व अर्ध-सरकारी संस्थाओं के सहयोग से इन अभियानों को प्रभावी बनाने की दिशा में सुझाव दिए गए।

विभाग संयोजक बजरंग दल सिकंदर कश्यप ने बताया कि परंपरागत रूप से 6 दिसंबर को आयोजित होने वाला शौर्य दिवस इस वर्ष 31 दिसंबर तक विस्तारित रहेगा। इस दौरान सभा, संगोष्ठी, पथ संचालन जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# भाजपा ने घोषित किए 13 मंडलों के प्रभारी











हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- जिले में नई संगठनात्मक नियुक्तियां, जिम्मेदारियों का वितरण पूरा

भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को बस्तर जिले के सभी 13 मंडलों में नए प्रभारियों की नियुक्ति की घोषणा कर संगठनात्मक ढांचे को और सुदृढ़ करने की प्रक्रिया पूरी की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय की अनुमति के बाद भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने सूची जारी की। जगदलपुर पूर्वी मंडल का प्रभार जिला उपाध्यक्ष आर्येन्द्र सिंह आर्य को सौंपा गया है,वहीं जगदलपुर पश्चिमी मंडल की जिम्मेदारी पूर्व महापौर सफीरा साहू को दी गई है। इसी क्रम में नगरनार मंडल का प्रभारी जिला महामंत्री रजनीश पाणिग्रही बनाए गए हैं।

जिले के अन्य मंडलों में भी अहम नियुक्तियाँ की गई हैं। भानपुरी मंडल का प्रभार जिला उपाध्यक्ष नरसिंह राव,तोकापाल मंडल का दायित्व पूर्व जिला उपाध्यक्ष योगेन्द्र पाण्डेय,दरभा मंडल का प्रभार जिला उपाध्यक्ष लखीधर बघेल को दिया गया है। बास्तानार मंडल में रैतुराम बघेल,लोहण्डीगुड़ा मंडल में नारायण ठाकुर,बस्तर मंडल में जिला महामंत्री परीसराम बेसरा, बकावण्ड मंडल में जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप देवांगन,नानगूर मंडल में जिला मंत्री सुब्रतो विश्वास,करपावण्ड मंडल में जिला मंत्री खितेश मौर्य,तथा सरगीपाल मंडल में रोहित त्रिवेदी को नया प्रभारी नियुक्त किया गया है।

जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने सभी नवनियुक्त प्रभारियों से अपेक्षा की कि वे कार्यकर्ताओं को सक्रिय और संगठित करते हुए संगठन के कार्यक्रमों को जमीनी स्तर पर मजबूती से लागू करें।

### 13 मंडलों में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत

बस्तर जिले के 13 मंडलों में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने भाजपा ने व्यापक फेरबदल करते हुए नए प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है, जिसके तहत जगदलपुर पूर्वी-पश्चिमी से लेकर नगरनार, भानपुरी, तोकापाल, दरभा, बास्तानार, लोहण्डीगुड़ा, बस्तर, बकावण्ड, नानगूर, करपावण्ड और सरगीपाल तक सभी मंडलों में नेतृत्व परिवर्तन हुआ है और जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने इन सभी से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ने की अपेक्षा जताई है।

# लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे : नवनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस ने चित्रकोट में दिया धरना
- आयुक्त एवं कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन





बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे चित्रकोट विधानसभा के अंतर्गत लोहंडीगुड़ा ब्लॉक इकाई के द्वारा ब्लॉक के विभिन्न ग्राम पंचायतों की समस्याओं एवं ब्लॉक की जन हितेषी मुद्दों एवं मांग को लेकर धरना दिया गया। मोर्चा के प्रमुख संयोजक एवं जनता कांग्रेस के संभागीय अध्यक्ष नवनीत चांद के दिशा निर्देशन एवं नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी के साथ स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। आयुक्त एवं कलेक्टर के नाम अनविभागीय अधिकारी के माध्यम से अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। नवनीत ने कहा कि जनप्रतिनिधि जनता की उपेक्षा कर रहे हैं इस विधानसभा क्षेत्र में आज तक बुनियादी सुविधाएं नहीं है पर्यटन को लेकर बड़े-बड़े दावे करने वाले लोगों को नहीं पता देश और दुनिया में विख्यात जलप्रपात में बिजली की ठीक से व्यवस्था नहीं है किसान भटक रहे हैं, लोहंडीगुड़ा ब्लॉक में स्वास्थ्य के लिए सुविधा नहीं है पानी की समस्या है लोग भटक रहे हैं मजबूर हैं बेबस है जनता के चुने नेता अपनी राजनीति में मस्त है। धरने को मुक्ति मोर्चा के विधानसभा क्षेत्र नेता सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भी संबोधित किया है।

इस दौरान टांकेश्वर भारद्वाज, चित्रकूट विधानसभा अध्यक्ष कमल बघेल, बस्तर जिला ग्रामीण अध्यक्ष नीलांबर भद्रे, जगदलपुर विधानसभा अध्यक्ष मेहताब सिंह, कोंडागांव जिला महामंत्री उदय भंडारी, बस्तर विधानसभा अध्यक्ष लॉबी निषाद, नरपति बघेल, प्रिया यादव, निहारिका सिंह, फुटपाथ व्यापारी संघ के अध्यक्ष रूपधर यादव, सचिव गुड्डू कश्यप, लौंडीगुड़ा ब्लॉक अध्यक्ष गौतम दास जिला महामंत्री संतु कश्यप, युवा अध्यक्ष सूरज कश्यप कार्यकारी अध्यक्ष मुन्ना मांडवी कोषाध्यक्ष छोटू बघेल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष जिला हिमांशु आनंद, एवं अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सम्मेलन में शिक्षक आंदोलन को मजबूती देने बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रांतीय आह्वान पर मंगलवार को ब्लॉक बकावंड स्थित सुंडी भवन में जिला स्तरीय सम्मेलन ऊर्जा और उत्साह के बीच सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी, प्रदेश महासचिव डेसनाथ पाण्डे,सह सचिव चंद्रभूषण ठाकुर तथा प्रदेश कोषाध्यक्ष मीरा ठाकुर के मार्गदर्शन में जिलेभर से सैकड़ों शिक्षक जुटे। कार्यक्रम की शुरुआत मां दंतेश्वरी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके बाद सेवानिवृत्त शिक्षिका का सम्मान प्रांतीय नेतृत्व द्वारा शाल एवं श्रीफल प्रदान कर किया गया। सम्मेलन की प्रमुख चर्चा 1998-99 के एल.वी. संवर्ग शिक्षकों के पेंशन अधिकार पर केंद्रित रही। सम्मेलन में यह साझा संकल्प उभरकर सामने आया कि 1998-99 के शिक्षकों को 1976 पेंशन नियम के तहत लाभ दिलाने तक आंदोलन जारी रहेगा। सभी ब्लॉकों के शिक्षकों ने आंदोलन को और मजबूत करने तथा जनपद से लेकर राज्य स्तर तक दबाव बनाने की रणनीति पर सहमति जताई।

## जनपद अध्यक्ष ने किया अटल ट्रिंकिग लैब का भूमि पूजन

**करपावंड।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल करपावंड के लिए जीव विज्ञान , भौतिकी , रसायन , एवं अटल ट्रिंकिग लैब की भूमि पूजन मुख्यअतिथि जनपद अध्यक्ष बकावंड सोनवारी भद्रे, जनपद उपाध्यक्ष तरुण पांडे तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य दसमत कश्यप ने संस्था की रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए बताया कि अंग्रेजी माध्यम का शुभारंभ वर्ष 2021 में किया गया विकासखंड में प्रथम स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम के नाम से स्कूल संचालित हुआ। उसके बाद वर्ष 2024 में ब्लॉक पर एकलौता पीएमश्री स्कूल के रूप में प्रथम बार हायर सेकेंडरी स्तर पर उन्नयन हुआ है। इस अवसर पर जनपद सदस्य नवल भारती , बकावंड मंडल अध्यक्ष पीतांबर कश्यप, सरगीपाल मंडल अध्यक्ष , पुरुषोत्तम जोशी, मंडल के उपाध्यक्ष पुलकेश्वर पांडे, ओमप्रकाश गुप्ता, जिला महामंत्री विशम्बर ठाकुर, मंडल महामंत्री सरपंच लखमूराम नेताम, उपसरपंच बंशीधर पुजारी, रणवीर सिंह बैश, समस्त मंडल सदस्य, ग्राम पंचायत के समस्त पंचगण, ग्राम के ग्रामीण शिक्षक-शिक्षिका एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## तोकापाल में मासिक बैठक में संगठन विस्तार पर जोर

# ग्रामीण युवाओं की बढ़ती भागीदारी पर युवा कांग्रेस ने बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर/तोकापाल



बस्तर जिला युवा कांग्रेस ग्रामीण की मासिक बैठक बुधवार को तोकापाल सामुदायिक भवन में हुई, जिसमें बड़ी संख्या में वरिष्ठ पदाधिकारियों और युवा कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। बैठक में प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी विक्रांत सिंह,बस्तर जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिषेक डेविड सहित ब्लॉक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत संगठन विस्तार को लेकर हुई चर्चा से हुई। ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं की तेजी से बढ़ती भागीदारी को देखते हुए गांव-गांव में युवा कांग्रेस की सक्रियता बढ़ाने हेतु विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही सड़क, पेयजल, शिक्षा और युवा रोजगार जैसी जनसमस्याओं को मंच पर रखा गया। पदाधिकारियों ने इन मुद्दों को संबंधित विभागों तक पहुंचाकर समाधान कराने का भरोसा दिलाया।

बैठक में आगामी राजनीतिक व सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई। युवाओं को संगठन से जोड़ने, जन-जागरूकता बढ़ाने और कांग्रेस की विचारधारा को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के लिए कई अहम निर्णय लिए गए। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने परस्पर समन्वय बनाए रखते हुए निरंतर जनसेवा के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

### युवा नेतृत्व को मजबूत बनाने पर सहमति

बैठक में ग्रामीण युवाओं को नेतृत्व के अधिक अवसर देने, ब्लॉक स्तर पर नई टीमों के गठन, स्थानीय समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई और गांव-स्तरीय सक्रियता बढ़ाने के लिए संयुक्त रणनीति बनाई गई।

## सीएमएचओ ने स्वास्थ्य केंद्र कुरंदी व तिरिया का किया औचक निरीक्षण

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरीश एस. के निर्देश पर और आगामी दिनों में होने वाले पल्स पोलियो अभियान 21 से 23 दिसंबर तक की तैयारी का जायजा लेने मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक और जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी मैत्री ने बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुरंदी और तिरिया का दौरा किया। दोनों ही पीएचसी में आईएलआर और डीप फ्रीजर की गुणवत्ता की जांच कर आवश्यक पोलियो वैक्सीन की आवश्यकता तथा पल्स पोलियो अभियान में लगने वाले टीमों के बारे जानकारी संस्था प्रभारी सपना आडवाणी और किरण चंद्राकर से प्राप्त की। साथ ही प्रत्येक बूथ में कुल कितने बच्चे लाभान्वित होंगे और कितनी पोलियो की दवाई और कितने सुपरवाइजर और कितनी मितानीन इस अभियान में अपना सहयोग देगी की रूपरेखा प्रभारी से मांगी गई। जिला वैक्सीन भंडार में प्राप्त हुए पोलियो की



वैक्सीन का वितरण सभी वैक्सीन वितरण केंद्रों में दिया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. जीशान खान और वरिष्ठ एनएमए मतीन खान, प्रेमनाथ, राजेश तिवारी, पर्यवेक्षक सोहन कश्यप, शीला नायक लैब टेक्नीशियन अपने सभी अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ उपस्थित रहे। पीएचसी तिरिया में उपलब्ध एंबुलेंस को पल्स पोलियो अभियान में कार्य लेने के लिए जिला टीकाकारण अधिकारी द्वारा तिरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी को निर्देशित किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिरिया में प्रभारी आरएमए किरण चंद्राकर, नेत्र सहायक अधिकारी रायमन बघेल अपने साथी स्टाफ नर्स के साथ शामिल रहे।

